आकाशवाणी शिमला
18.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला के प्रसिद्ध जाखू मंदिर में पूजा अर्चना की और मंदिर परिसर में एक सौ 8 फुट ऊंची हनुमान ध्वज स्थापना समारोह में भाग लिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुर्नवास कार्य युद्ध स्तर पर जारी है और राहत कार्यों में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में उन्होंने अपने दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्रियों को प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान से अवगत कराया और सहायता का आग्रह किया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उम्मीद जताई कि जब केंद्रीय गृह मंत्री अमितशाह हिमाचल के दौरे पर आएंगे तो प्रदेश को केंद्र सरकार से कुछ राहत अवश्य मिलेगी। इस बीच मुख्यमंत्री ने आज छोटा शिमला में लोकनिर्माण विभाग के विश्राम गृह का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पर्यटकों के लिए खुला व सुरक्षित है और वे यहां बिना किसी भय के आ सकते हैं।

<u>उप मुख्यमंत्री</u>

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि मण्डी जिला के आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र के कई सड़क मार्गों पर हिमाचल पथ परिवहन निगम ने टैंपो ट्रेवलर सेवाएं बहाल कर दी हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि टैंपो ट्रेवलर की शुरूआत होने से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निगम की ओर से अब बगस्याड़, जंजैहली, छतरी, सराची, थुनाग और चियूणी चेत सहित विभिन्न दुर्गम मार्गों पर टैंपो ट्रेवलर सेवाएं संचालित की जा रही हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि इन सेवाओं को बगस्याड़ में निगम की अन्य बस सेवाओं से जोड़ा गया है जिससे यात्रियों को जिला मुख्यालय मंडी सहित अन्य गंतव्य तक आसानी से पहुंचने की सुविधा मिलेगी।

<u>जयराम ठाकुर</u>

मंडी जिले के आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र में अभी तक भी सड़क सम्पर्क बहाल नहीं हो पाया है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि मुख्य सड़कों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने ऐसे सभी लोगों से सड़कों को खोलने में मदद की अपील की है जिनके पास पोकलेन और जेसीबी जैसी मशीनों के अलावा टिप्पर भी हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि लोग इच्छानुसार अपनी मशीनों और टिप्परों को सराज में मदद के लिए भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सेब की फसल तैयार है और उसे मंडियों में भिजवाना जरूरी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सड़कों के न खुलने से गांवों तक बिजली–पानी की सप्लाई में भी लंबा समय लग रहा है।

*<u>मैं आज विशेष तौर से एक अपील कर रहा हूं प्रदेश के हमारे जितने भी हमारे ऐसे महानुभाव हैं जिनके पास पोकलेन है जिनके पास जेसीबी है जिनके पास टिप्पर भी है अगर मदद में इस वक्त आगे आकर के हमारे साथ खड़े हो तो मैं उनका आभारी रहूंगा । अभी तक हमारी</u>*

*<u>जल शक्ति विभाग की बहुत सारी स्कीम्स बंद है सड़क नहीं पहुंचने के कारण पाइपें नहीं पहुंच पा रही है वहां पर । बिजली की आपूर्ति प्रभावित है क्योंकि सड़क नहीं खुलने की वजह से पोल नहीं पहुंच रहा है कंडक्टर नहीं पहुंच पा रहा है।</u>*

<u>राजेश धर्माणी</u>

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य में नवाचार आधारित संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। शिमला में आज एक बैठक में उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में स्किल गैप विश्लेषण की दिशा में कार्य किया जा रहा है और विशलेषण के बाद राज्य कौशल विकास योजना तैयार की जाएगी।

————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————————